## खबर संक्षेप

### दिनभर तपी तेज धूप, शाम को हुई बारिश



**भुआबिछिया।** क्षेत्र भीषण गर्मी और बादलों की लुकाछिपी के बीच सोमवार को शाम लगभग 5 बजे से 6 बजे तक बादलों की तेज गर्जना के साथ भुआ बिछिया में रिमझिम बारिश हुई। दिन में काफी गर्मी पड़ रही है तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है और शाम को आसमान में बादलों का डेरा रहता है लगभग एक सप्ताह से आसपास के गांवों में प्रति दिन कहीं न कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हों जातीं है। वेदर रिपोर्ट के अनुसार 10 दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रह सकता है।

### आज निकलेगा किले वाले बाबा का शाही संदल



**मण्डला।** हज़रत बाबा बर्हेना शाह रहमतुल्लाह अलैह (किले वाले बाबा) का 4 दिवसीय उर्स मुबारक 20 मई 2025, सोमवार से शुरू हो गया। 20 मई 2025, मंगलवार की रात 9 बजे दरगाह परिसर में कुरआन खानी व मिलाद शरीफ से उर्स की शुरुआत हुई। 21 मई 2025, मंगलवार की सुबह 4 बजे दरगाह को ग़ुस्ल देकर निसान पेश किया जायेगा। 21 मई 2025, बुधवार की शाम 4 बजे दुर्गा मंदिर उदय चौक में पूजा व राजकुमार बैंड जबलपुर द्वारा देवी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। दुर्गा मंदिर के उपरांत शाम 5 बजे खेरमाई मंदिर बस स्टैंड में पूजा और राजकुमार बैंड द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति होगी। 21 मई 2025, बुधवार की ही शाम 6 बजे किले वाले बाबा साहब का शाही संदल हज़रत दाता अल्लाद्दीन बंगाली शाह रहमतुल्लाह अलैह (दाता साहब) की दरगाह से निकल कर लालीपुर, बस स्टैंड, चिलमन चौक, बढ़ चौराहा, उदय चौक, बुधवारी होते हुए देर रात किले वाले बाबा साहब की दरगाह में पेश किया जायगा। शाही संदल जबलपुर के मशहूर राजकुमार बैंड के साथ निकलेगा। 21 मई की शाम 8 बजे से और 22 मई की शाम 7 बजे से किले वाले बाबा की दरगाह में लंगर -ए -आम किया जायेगा। 23 मई, गुरुवार की सुबह कुल की फ़ातिहा से उर्स का समापन होगा।

## नाबार्ड द्वारा मधुमक्खी नवाचार परियोजना का शुभारम्भ

# मनाया गया विश्व मधुमक्खी दिवस

*** मधुमक्खी के बिना मानव जीवन भी अपूर्ण।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

स्वयं सेवी संस्था सेंटर ऑफ़ डिस्कवरी फॉर विलेज डेवलपमेंट [सीडीवीडी] मंडला के द्वारा विश्व मधुमक्खी दिवस का आयोजन शासकीय महाविद्यालय बिछिया के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मवई एवं बिछिया के हनी हन्टर्स उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डी.डी. ऐ . मधु अली ने दीप प्रज्ज्वलित किया एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था का यह कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण है मधुमक्खियों के बिना फसले ही नहीं मानव जाति को भी भविष्य में नुकसान होगा इसलिए मधुमक्खी का संरक्षण आवश्यक है।



मधुमक्खी संरक्षण से कृषि ही नहीं बल्कि हर तरह की फसलो को मधुमक्खियों द्वारा किये जाने वाले परागीकरण से लगभग बीस प्रतिशत वृद्धी होती है।


नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक देवब्रत पाल ने बताया कि नाबार्ड द्वारा क्या क्या गतिविधिया की जाती है इसके साथ ही यह भी घोषण की, कि मंडला जिला में पहली बार मधुमक्खी के ऊपर अध्यन किया जायेगा जिसे सीडीवीडी संस्था करेगी जिसमे भविष्य में हितग्राहियों को कृषि उत्पादक संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा और इस अध्यन के बाद मधुमक्खी पालन के लिए प्रयास किये जायेंगे।

मध्यप्रदेश का पहला वुमेन हनी हन्टर्स ग्रुप बनेगा–संस्था के डायरेक्टर एवं मधुमक्खी एक्सपर्ट निशार कुरैशी ने संस्था के द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया एवं मधुमक्खी परियोजना की जानकारी देते हुये कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार यह नवाचार किया जा रहा है जिसमे हनी हन्टर्स को शहद निकलने के लिए नई तकनीकी सिखाई जाएगी एवं प्रदेश का पहला वुमन हनी हन्टर्स ग्रुप को स्पेशल ट्रेनिंग देकर भंवर मधुमक्खी से शहद निकालने का कार्य करेगा।

कार्यक्रम अध्यक्ष एवं प्राचार्य राजेश्वरी मरकाम कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम ने मधुमक्खी संरक्षण से होने वाले लाभ की जानकारी अदभुत थी इस जानकारी को संस्था जन जन तक पहुंचाने का जो कार्य कर रही है वो सराहनीय है। महाविद्यालय के ओ पी झरिया ने प्रभावी मंच संचालन किया। संस्था के फिरोज अहमद खान ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मवई एवं बिछिया के हनी हंटर्स बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए, महिला हनी हंटर्स कृष्णा मार्को, संगीता मार्को एवं दीपक परसते ने अपने विचार रखे और इस कार्य को करने के लिए खुशी जाहिर की।

# ईपीएफ की राशि का नहीं हो रहा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया


EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL SUHORA
DISTT-MANDLA MP 481996

जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर की दूरी पर रायपुर रोड सिझौरा जहां पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भारत सरकार के जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत संचालित होता है इस विद्यालय की खा सियत सिंदूर वनों में ग्रामीणों निवासरत छात्र छात्रों को पौष्टिक आहार के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षण कार्य शिक्षा प्रदान करना होता है यहां पर आवासीय परिसर होने के नाते छात्रावासों एवं तकनीकी शिक्षा कंप्यूटर शिक्षण कार्य होता है यहां पर पदस्थ कर्मचारी को मध्य प्रदेश शासन के अधिनियम आदेशों का अंशकालिक दर से भुगतान होता रहा है बड़ा ही अजीब मामला है विद्यालय भारत सरकार के जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत आवर्ती मद बजट से संचालित होता है जो कर्मचारी छात्रावास एवं कार्यालय में अपनी सेवा निष्ठा पूर्वक सौंपे गये कार्यों को पूर्ण शांतिपूर्वक संपादित करते रहे हैं वेतन छात्रावास में कार्यरत कर्मचारियों को बतौर 2500 कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर को 6000 मासिक भुगतान करते रहे हैं सवाल यह उठता है विद्यालय जब भारत सरकार के अधीन संचालित हो रहा है तो मध्य प्रदेश के अंतर्गत संचालित विद्यालयों के अंशकालिक दर क्यों लागू हुआ इन सब बात को दूर करते हुए हमारा अंशदान की राशि कर्मचारी भविष्य निधि विभाग मैं यूएन नंबर जेनरेट तो करवा दिया गया है परंतु आज दिनांक तक ईसीआर संबंधित कर्मचारियों की कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय में जमा नहीं कराया गया है। इस संबंध में अनुविभागी अधिकारी राजस्व बिछिया में जनसुनवाई शिकायत आवेदन देने के बावजूद भी आज दिनांक तक कोई निराकरण नहीं हुआ शाला प्रबंधन ने पूरे मामले की जांच कर संबंधित कर्मचारियों को ईपीएफ की राशि का भुगतान कराये जाने की बात कही है।

### जिला योजना समिति की बैठक कल

**मण्डला।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी मंत्री/अध्यक्ष जिला योजना समिति मण्डला श्री दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक 22 मई 2025 को प्रातः 11:30 बजे आयोजित की गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, लोक निर्माण विभाग (भवन), लोक निर्माण विभाग (सड़क), लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग), भवन विकास कार्पोरेशन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पेयजल), म.प्र. जल निगम के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## पीएम श्री कन्या उमा विद्यालय में समर कैंप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर में आयोजित समर कैंप में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रशिक्षण लिया। स्कूल प्राचार्या विभा मिश्रा के मार्गदर्शन में विद्यालय में 20 दिवसीय समर कैंप में अकादमी गतिविधियों के साथ रचनात्मक एवं सृजनात्मक कला कौशल विकास का समावेश किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कंचन झारिया के मार्गदर्शन में नृत्य कला, कत्थक, जुंबा, अंकिता ताम्रकार के मार्गदर्शन में लिंपन आर्ट, पेंटिंग, स्केचिंग, सोनम गुरवानी के मार्गदर्शन में केनवास, स्टोन, बोतल फैब्रिक, दिया, अखरोट, टिशू पेपर वॉल,टी शर्ट आदि विभिन्न कलाकृत,रवि शंकर ठाकुर के मार्गदर्शन में ढोलक बजाना, हर्षित यादव के मार्गदर्शन में इंग्लिश स्पोकन का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।विद्यालय में इन सभी विधाओं के प्रशिक्षकों ने आकर प्रशिक्षण देने का कार्य कुशलता पूर्वक किया। विद्यालय के शिक्षकों ने समर कैंप में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मंगलवार को समर कैंप का समापन किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार जैन, पार्षद प्रीति राय,प्रभारी प्राचार्य रवीन्द्र चौरसिया,शिक्षिका लता गुरवानी एवं स्कूल प्रबंधन की मौजूदगी में गरिमामय रूप से किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छात्राओं के द्वारा बनाई गई विभिन्न कलात्मक वस्तुएं के प्रदर्शन पर उनको प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

## महाराणा प्रताप जयंती के आयोजन की तैयारी, समिति का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



मंगलवार को राजपूत (क्षत्रिय) समाज समिति का गठन एवं महाराणा प्रताप जयंती की तैयारी को लेकर राजपूत छत्रिय समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अशोक सिंह राजपूत (जोगीसोढा) को अध्यक्ष, लेखन सिंह राजपूत, डमरू सिंह राजपूत, लोखन सिंह राजपूत को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष ज्ञानी सिंह राजपूत सहकोषाध्यक्ष जागेश्वर राजपूत सचिव अनिल राजपूत, सह सचिव नरेश राजपूत, प्रचार प्रसार प्रमुख विजय राजपूत अन्य पदाधिकारी का गठन किया गया। राजपूत समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई। 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती पर मंचीय कार्यक्रम दुर्गा मंच बिछिया में सम्पन्न होगा। शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल से मुख्य मार्ग होते हुए राममंदिर, गांधी गेट से बाजार मुहल्ला, जनपद मार्ग से कार्यक्रम स्थल समापन होगी। तदुपरांत समरस भोज होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की गई है।

**आयोजन** | **सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है-श्री कुशराम।**

# युवा संगम मेला’ में 32 युवाओं को चयन





*** नगरपालिका परिसर में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला प्रशासन मण्डला के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से नगरपालिका परिसर के टाऊनहॉल में रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप 'युवा संगम मेला' का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।

मेले में विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता के 63 युवाओं ने पंजीयन कराया। जिसमें कुल 6 निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार लेते हुए 32 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 4 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जीएमडीआइसी नंदकिशोर वास्कले, प्रबंधक बलराम यादव, सहायक प्रबंधक प्रदीप जायसवाल, प्रबंधक विकास मिश्रा, अन्य पिछड़ा वर्ग के उपसंचालक श्री दिलीप श्रीवास, आईटीआई प्लेसमेंट ऑफिसर आनंद मरावी, आईटीआई प्राचार्य आरएस वड़कडे, जिला रोजगार कार्यालय श्री डीके साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

अप्रेंटिसशिप मेला 'युवा संगम मेला' को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि यह रोजगार मेला युवाओं को उनकी रुचि और कौशल के अनुसार अवसर दिलाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि जिले में प्रतिमाह एक रोजगार मेला आयोजित किया जाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे जो भी काम शुरू करें, उसे विकसित करते हुए जिले और प्रदेश में अपना परचम लहराएं। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि प्रदेश की सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित किया कि यदि वे अपना स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं, तो शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर सफलतापूर्वक अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।

## ट्राइबल के कर्मचारियों को मिलने वाला अतिरिक्त एच आर ए गायब

*** ट्राइबल के कर्मचारियों का आई एफ एम आई एस से अनुसूचित क्षेत्र भत्ता भी गायब।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ट्राइबल वेलफेयर विभाग के शिक्षक इन दिनों अपनी कई समस्याओं को लेकर परेशान हैं और संबंधित अधिकारियों से लगातार मुलाकात भी कर रहे हैं लेकिन समस्याएं खत्म नहीं हो रहीं हैं जहां एक और जनजातीय कार्य विभाग के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक उच्च पद प्रभार की कार्यवाही न होने से दुखी हैं वहीं इंदौर संभाग में प्राथमिक शिक्षकों तक के उच्च पद की कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है। ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन मप्र जहां एक ओर इन समस्याओं के निराकरण का प्रयास कर रहा है वहीं दूसरी ओर नई समस्याएं जन्म लेती जा रहीं है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष डी के सिंगौर की अगुवाई में ट्राइबल विभाग के अधिकारियों से लेकर वित्त विभाग के सचिव स्तर के अधिकारियों को अवगत कराया कि अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ कर्मचारियों को गृह भाड़ा भत्ता एक प्रतिशत अधिक देय था। लेकिन 3 अप्रैल 2025 के वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र से वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के द्वारा गृह भाड़ा भत्ता की दरों में पुनरीक्षण होने के उपरांत अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ कर्मचारियों के गृह भाड़ा भत्ते की दरों को एक समान कर दिया है जबकि अनुसूचित क्षेत्रों में पदस्थ कर्मचारियों के गृह भाड़ा भत्ते में अनुपातिक वृद्धि की जानी थी। इसी प्रकार बिना कोई आदेश के अनुसूचित क्षेत्र भत्ता भी एक साल से मिलना बंद हो गया है। वित्त विभाग के प्रमुख सचिव हृदयेश श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों से दोनों समस्याएं सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। पदाधिकारियों ने आदि भवन, वल्लभ भवन और विकास भवन से लेकर पर्यावास भवन तक बहुत से संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे पंचायत सेवाकाल की ग्रेच्युटी का भुगतान,ऑनलाइन ट्रांसफर में आने वाली समस्याओं, उच्च पद प्रभार, वरिष्ठता सूची, अंतर्विभागीय पारस्परिक स्थानांतरण आदि मुद्दे मुख्य रूप से रखे गए। प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय महासचिव सुरेश यादव, प्रांतीय महासचिव सुश्री शिरीन कुरैशी, संयुक्त सचिव अरुण सिंह कुशवाहा, खरगोन जिला अध्यक्ष अतीक खान और हीरानंद नरवरिया थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शिवांगी तिवारी आत्मजा श्री प्रशांत कुमार तिवारी उम्र 34 वर्ष निवासी देवदरा मंडला जो दिनांक 3 फरवरी 2020 में श्री नितिन पौराणिक आत्मज श्री जीपी पौराणिक निवासी कटनी के साथ विवाह बंधन में आबद्ध हुई हूँ मुझे अपने समस्त दस्तावेजों में तिवारी के स्थान पर पौराणिक अंकित करना है अतः मुझे आज दिनांक से शिवांगी तिवारी के स्थान शिवांगी पौराणिक के नाम से जाना जावे।

शपथकर्ता
शिवांगी पौराणिक

## खबर संक्षेप

### वृद्ध को चार पहिया वाहन चालक ने मारी टक्कर

डिंडौरी। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहेरा टोला में वृद्ध को चारपहिया वाहन चालक ने टक्कर मार दी। वृद्ध को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है। रामपाल बिलागर पिता सुखदेव सिंह बिलागर उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम घानाघाट डिंडौरी हाल पता शारदा रेलवे कालोनी नरसिंहपुर थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मैं नरसिंहपुर में रेलवे विभाग में गेटमेन के पद पर कार्य करता हूं। 15.05.25 को मेरी शादी थी तब से घर पर ही हूं। 18.05.25 को मैं अपने घर पर था।दोपहर करीब 12 बजे मेरे मामा राम मिलन गौतम निवासी बहेरा टोला ने फोन कर मुझे बताया कि नाना धनी राम का घर के पास एक्सीडेंट हो गया है, जिन्हे अस्पताल लेकर जा रहे हैं। मैं अस्पताल पहुंचा तो देखा कि नाना धनीराम गौतम बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल डिंडौरी में भर्ती थे। जिनके नाक से खून निकल रहा था, बांयी पसली और आंख के पास, दोनों पैर के घुटनों, बांये पैर के टखना में चोट लगी थी। पूछने पर मामा राम मिलन गौतम ने बताया कि आज मौसी की लडकी बिट्टू को देखने रिस्तेदार आने वाले थे। नाना लकडी लेने पुराने घर गये थे वहां से लकडी लेकर सुबह करीब 11.30 बजे घर वापस पैदल आ रहे थे। उसी समय डिंडौरी तरफ से एक चार पहिया गाडी के चालक ने लापरवाही पूर्वक नाना को पीछे से टक्कर मार कर समनापुर की तरफ भाग गया। हालत खराब होने के कारण नाना को इलाज के लिये जबलपुर रेफर कर दिया गया है। रिपोर्ट पर चारपहिया चालक के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### हरसाल सामने आ रहे डेंगू-मलेरिया के मरीज

डिंडौरी। जिले में मलेरिया एवं डेंगू मरीजों की संख्या साल प्रति साल बढ़ते ही जा रही है, परंतु नगर परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला इस पर कोई विशेष ना ही कार्यवाही करता है, ना ही मलेरिया एवं डेंगू से बचाव का उपाय करता। जिससे लोग परेशान रहते हैं। विभाग के भरोसे न रहें, खुद बचाव करें शहर व ग्रामीण इलाकों में मलेरिया फैलने की आशंका भी है। इन बीमारियों से बचने के लिए पायराथिन दवा का छिड़काव किया जाता है। नाली और गमलों में टेमोफास नामक दवा का छिडकाव किया जाता है। फिलहाल विभाग के द्वारा किए जाने वाले इन कार्यों में कितनी सच्चाई है यह समझना मुश्किल है लेकिन आम जनता इन बीमारियों से बचने के लिए कदम उठा सकती है। इसके लिए घरों के आसपास मौजूद कूलर, मटके, गमले, गड्ढे आदि में पानी जमा न होने दें। यदि किसी जगह पर पानी जमा है तो वहां जला हुआ आयल डालें। व मच्छरों से बचाव करेंए खिड़की दरवाजों पर मच्छर जाली लगाएं। छोटे बच्चों के लिए ज्यादा खतरा है इसलिए उन्हें बाहर जाए तो भेजते समय पहले फुल कपड़े पहनाए।

### लकड़ी का अवैध परिवहन करते चार ट्रक जप्त



डिण्डौरी। जिले में नीलगिरी के पेड़ों की लकडी की तस्करी का खेल धडल्ले से जारी है। वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए नीलगिरी की लकड़ी से भरे चार ट्रकों को जब्त कर कार्यवाही शुरू कर दी है। जिसके बाद नीलगिरी लकड़ी की तस्करी करने वाले तस्करों में हड़कंप मच गया है। हैरानी की बात है ये तस्कर वैध दस्तावेजों के बिना दिनदहाड़े ट्रकों के जरिए नीलगिरी की लकड़ी की तस्करी कर रहे थे। वन मंडलाधिकारी पुनीत सोनकर को जैसे ही इस बात की जानकारी लगी तो वे दल बल के साथ डिण्डौरी अमरकंटक मार्ग पर सागर टोला के पास अवैध रूप से लोड नीलगिरी की लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था ट्रक क्रमांक एम पी 18 जी ए 3496, सी जी 16 ए 1993, एम पी 20 जी 8825, और एम पी 17 एच एच 2156 में अवैध लकड़ी लोड थी इस बावद वाहन चालको से पूछ ताछ की गई तो उनके द्वारा चारा ट्रक बम्हनी समनापुर से लोड कर ओरियंट पेपर मिल ले जाना बतलाया गया । वाहन चालक ने यह भी बतलाया कि चारा ट्रक शफीक खान निवासी बच्छर गांव के द्वारा लोड करवाया गया । जिसके बाद चारो ट्रकों को जब्त कर लिया गया है। डी एफ ओ के नेतृत्व में समनापुर व गाड़ासरई वन परिक्षेत्र का अमला कार्यवाही के दौरान मौजूद रहा। गौरतलब है की डिंडोरी जिले में लंबे अरसे से नीलगिरी के पेड़ों की तस्करी चल रही है और इस तस्करी के खेल में सिर्फ डिंडोरी जिले के बल्कि अंतर्राज्यीय गिरोह सक्रिय हैं। नीलगिरी की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग के आला अधिकारी तो गंभीर नजर आ रहे हैं लेकिन वन विभाग के कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध नजर आती है।

## जनसुनवाई में प्राप्त हुए 82 आवेदन, कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# पटवारी पर लगे शासकीय भूमि में निजी व्यक्ति का कब्जा कराने के आरोप

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी



कलेक्टर नेहा मारव्या ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई में आए आमजन ने कुल 82 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से अधिकांश का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। इनमें सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, अनुकम्पा नियुक्ति, और तालाब निर्माण, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, कच्ची सड़कों की दुर्दशा, अवैध कब्जे और भ्रष्टाचार जैसी षिकायते शामिल रही। ग्राम पंचायत देवरीकला के ग्रामीणों ने आवेदन सौंपकर हल्का पटवारी शंकर लोधी पर आरोप लगाया कि उसने गांव के समीप शासकीय भूमि को निजी बताकर अवैध रूप से कब्जा करवा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा मंदिर और मकान निर्माण के नाम पर शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। इस संबंध में पटवारी की मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने संबंधित तहसीलदार को जांच करते हुए कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। एक अन्य आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि चांदरानी से बिजापुरी (समनापुर) तक की सड़क पूरी तरह कच्ची और कीचड़युक्त है, जिससे बरसात के मौसम में लगभग 15 गांवों का संपर्क टूट जाता है। स्कूली बच्चों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सड़क को शीघ्र पक्की बनाने की मांग करते हुए कहा कि यह सड़क उनकी जीवनरेखा है। जिस पर संबंधित विभागीय अधिकारी को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम पडरिया निवासी महिला ने बताया कि उसकी स्वामित्व वाली भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर रखा है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। ग्राम बरगांव निवासी महेन्द्र पिता शोभाराम ने आवेदन प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति की मांग की है। उन्होंने बताया कि वे कच्ची झोपड़ी में जीवन यापन कर रहे हैं और पूर्व में वर्ष 2019 व 2020 में दो बार आवेदन देने के बावजूद भी आज तक उन्हें कोई आवास नहीं मिला है। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को आवास आवंटित कराने के निर्देश दिए। डिंडोरी नगर के वार्ड क्रमांक 14 के निवासी हुल्कर सिंह ने विद्युत विभाग पर अनावश्यक रूप से अधिक यूनिट का बिल भेजने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सिंचाई हेतु ग्राम खिरसारी में 2 एचपी और डिंडौरी स्थित भूमि में 1 एचपी का मोटर लगा हुआ है। परंतु विभाग द्वारा उन्हें 1 एचपी के स्थान पर 2 एचपी एवं 2 एचपी के स्थान पर 4 एचपी का विद्युत बिल भेजा गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रीमती मारव्या ने विद्युत विभाग के अधिकारी को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य विभागीय कार्यों का भी निराकरण किया गया।

## उत्साह एवं लगन से ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर में शामिल हो रहे बच्चे



डिण्डौरी। पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा ब्लॉक स्तरीय एवं मुख्यालय स्तर पर ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट खेल परिसर डिंडोरी मैं पुलिस लाइन डिंडोरी में आयोजित किया जा रहा है इसमें बास्केटबॉल फुटबॉल कराते वॉलीबॉल एवं अतिरिक्त खेल एथलेटिक्स हॉकी का खेल प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन सुबह शाम दिया जा रहा है छुट्टियों का सदुपयोग करने के लिए पढ़ाई के साथ- साथ खेल जरूरी है इसलिए सभी बच्चे मोबाइल एवं टीवी से दूर रहे इसके लिए खेल से जुड़कर शारीरिक और मासिक रूप से स्वस्थ और फिट रहे इसी उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है यह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 5 मई से 5 जून 2025 तक रखा गया है खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण का अभ्यास बच्चों को नियमित दिया जा रहा है प्रशिक्षण शिविर मैं बालक बालिका खेल प्रशिक्षण शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर लाभ उठा रहे हैं जिला खेल प्रशिक्षक आरती सोंधिया द्वारा बताया गया कि खेल प्रशिक्षण शिविर मैं खिलाड़ियों को प्रशिक्षण हेतु खेल सामग्रियां प्रशिक्षकों को खेल प्रशिक्षण के लिए सामग्री पर्याप्त दी जा रही है जिससे की खिलाड़ी बच्चे अच्छे से अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें प्रतिदिन खेल प्रशिक्षण के लिए लगातार उत्साह देखा जा रहा है बच्चे उत्साहित होकर नियमित खेल प्रशिक्षण शिविर पर प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंच रहे हैं ।

### लंबे समय से जनपद में जमे कर्मचारियों के ट्रांसफर की मांग

डिंडोरी । जनपद पंचायत शहपुरा में विगत कई वर्षों से पदस्थ कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादला की मांग की गई है।मंगलवार को जनसुनवाई में दिये गये आवेदन में मनीष तिवारी ने बतलाया है कि विगत अनेक वर्षों से स्थानीय कर्मचारी एक ही स्थान पर कार्यरत हैं।जिसके कारण इनकी कार्य शैली सही विवादित हो गई है । स्थानीय होने के कारण यह कर्मचारी दूर दराज से आये लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और सही जानकारी नहीं देते हैं । आरोप है कि इनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जाती है । बतलाया गया है कि इनमें अधिकांश कर्मचारी कई वर्षों से जनपद कार्यालय में पदस्थ हैं। लिहाजा इनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नही की जाती है। आवेदक ने ऐसे कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग की है।

## अनुकंपा नियुक्ति के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे आश्रित

# आवेदन के 8 साल बाद भी नहीं हो पा रही नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी

सरकारी नौकरी में रहते हुए निधन होने के बाद शासकीय नियमो के अनुसार मृतक के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का प्रावधान है । लेकिन जिले में अनेको ऐसे मामले है जिनमें शासकीय कर्मचारियों की मृत्यु के सालों गुजर जाने के बाद भी उनके वारीसान को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान नही की गई है। जिसके चलते परिवार आर्थिक तंगी झेल रहे है और मजदूरी कर भरण पोषण करने को मजबूर है। परिवार के मुखिया की मौत के बाद उम्मीद थी कि शासन के दिषा निर्देष अनुसार मृतकों के किसी एक आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिल जायेगी जिससे परिवार को कुछ हद तक राहत मिल सकेगी, खास तौर पर ग्राम पंचायत में पदस्थ रहे सचिवों की मृत्यु के बाद उनके वारीसान नियुक्ति पाने दफ्तरों के चक्कर काट रहे है। गौरतलब है कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन करने के सालों गुजर जाने के बाद भी जिला पंचायत द्वारा नियुक्ति प्रदान करने में हीला हवाली की जा रही है। नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन करने के एक माह के भीतर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का प्रावधान है, लेकिन प्रषासनिक अधिकारी की संवेदनहीनता के चलते सालो गुजर जाने के बाद भी नियुक्ति के लिए आश्रित भटक रहे है। और उन्हे आये दिन नियमों का हवाला देकर गुमराह किया जा रहा है। आलम यह है कि अब परिवार के सामने भूखो मरने की नौबत आ गई है और जिन युवको को अनुकंपा नियुक्ति मिलना था आज वह मजदूरी कर रहे है या फिर किसी प्रायवेट कार्यालय में झाड़ू लगा रहे है। ऐसे ही तीन मामले प्रकाष में आये है । पहला मामला जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत सचैली धनगांव निवासी विष्वास प्रताप सिंह का सामने आया है। जब विष्वास प्रताप सिह 16 वर्ष का था तब पिता की ग्राम पंचायत बरौदी में सचिव पद पर रहते हुए दिनांक 11 जनवरी 2020 को मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद विष्वास प्रताप सिंह 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते हुए 05.09.2023 को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। तब उम्मीद थी कि उसे शीघ्र ही नियुक्ति प्रदान की जायेगी और वह अपने आश्रितों का भरण पोषण कर सकेगा ,लेकिन अब तक नियुक्ति नही मिली है विष्वास प्रताप ने बतलाया कि आवेदन करने के बाद लगातार वह जिला पंचायत आकर संपर्क कर रहा है लेकिन उसे रोस्टर तैयार करने या फिर भोपाल फाईल भेजकर अनुमति लेने का हवाला दिया जाता रहा । इस तरह उसे लगातार गुमराह किया जा रहा है।



उसने बतलाया कि मां हमेषा बीमार रहती है और उसकी दवा गोली के लिए हर महीने पैसे की आवष्यकता पड़ती है। माली हालत ऐसी नही है कि दवाईयां खरीद ले लेकिन मां की दवाईयां खरीदने और परिवार के भरण पोषण के लिए उसे मजूदरी करने जाना पड़ रहा है।विष्वास प्रताप ने बतलाया कि जनसुनवाई में भी अनेको बार आवेदन दे चुका है लेकिन उसे अब तक नियुक्ति नही मिल पाई है। मंगलवार को भी आयोजित जनसुनवाई में अपनी मां के साथ पहुंचा था । इसी तरह मेंहदवानी जनपद पंचायत अंतर्गत पंगनिया निवासी रिंकू सोनवानी का मामला भी सामने आया है । जिसके पिता कृपालदास सोनवानी ग्राम पंचायत मटियारी में सचिव के पद पर पदस्थ थे जिनका 7 जनवरी 2023 को हृदय घात से निधन हो गया था। जिसके बाद रिंकू सोनवानी ने भी परिजनों की सहमति से अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन किया था । जिसे भी अब तक अनुकंपा नियुक्ति नही मिल पाई है। रिंकू सोनवानी ने बतलाया कि परिवार में मां के अलावा दो छोटे भाई है जो पढाई कर रहे है। जिनकी पढ़ाई के साथ भरण पोषण की भी जिम्मेदारी उस पर है। लेकिन अनुकंपा नियुक्ति नही मिलने के कारण उसे डिण्डौरी स्थित एक ट्रेक्टर विक्रेता के यहां झाडू लगाने और चैकीदारी का काम करना पड रहा है, और मां दूसरे प्रदेष में मजदूरी करने जाती हैं । इसी तरह मेंहदवानी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया में पदस्थ रहे सचिव चेतराम धुर्वे की 03 जुलाई 2015 को मृत्यु हो गई थी ।जिसकी चार बेटियां और दो पुत्र है सबकी सहमति के बाद बडे पुत्र मनोज कुमार धुर्वे को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन कराया गया था। लेकिन आठ साल गुजर जाने के बाद भी मनोज कुमार धुर्वे की अब तक नियुक्ति नही हो सकी है। जिससे परिवार को आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

कार्यवाई प्रचलन में है शासन द्वारा जो भी दिषा निर्देष प्राप्त होगें उस आधार पर नियुक्ति की जायेगी ।

**अनिल कुमार राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी**

## छह सूत्रीय मांगों लेकर बैगा समाज सुधार संगठन द्वारा सौंपा गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी

बैगा समाज के युवाओं के लिए विशेष भर्ती करने सहित अन्य छह सूत्रीय मांग से संबंधित ज्ञापन बैगा समाज सुधार संगठन द्वारा कलेक्ट्रेट में सौंपा गया है। सौंपे गए ज्ञापन में लेख किया गया हैं कि विकासखंड स्तर में विशेष भर्ती निकाली जाय, क्योंकि डिंडौरी जिला में लगभग 10-12 साल से विशेष भर्ती प्रक्रिया बंद है। जिले में बीए और एम ए तक पढाई किये हुए युवक युवतियां बेरोजगार घूम रहे है और विभागों में पद खाली पडे है। मांग है कि भर्ती शुरू करने से समाज के बेरोजगारों को रोजगार मिल सकेगा। बैगा समाज के लोगों को को राशन कार्ड में जो 5 किलो राशन दिया जाता है उसे बढ़ाकर 35 किलो एएवाय की पात्रता पर्ची में दिया जाये। बैगा माताओं को दिए जाने वाले पोषण आहार अनुदान में जो महिला छूट गई है उनका दोबारा सर्वे कर जोड़ा जाए।उल्लेख किया गया है कि बैगा समाज के लोग जिस ग्राम पंचायत में निवासरत है उनको आने जाने के लिए रोड नहीं है। जिला के सभी विकासखंडों में नदी नालों में रोड, पुलिया न होने से आने जाने की बहुत समस्या होती है। जनमन योजना के तहत आवास निर्माण की दूसरी किस्त अभी तक नहीं डाला गया है। उसे तत्काल डलवाई जाए, क्योंकि तिरपाल पन्नी लगाकर पूरे गर्मी का मौसम निकल गया अब बारिश का मौसम आ गया है। ऐसे में बैगा समाज के लोग घर बेघर हो जाएंगे। समस्त विकासखंडों में 3 फेस बिजली न होने से जल जीवन मिशन योजना ठप है। मेंहदवानी में ग्राम पंचायत चिरपोटी, भुरका, बहादुर व अन्य ग्रामों में 3 फेस कराया जाए। संगठन द्वारा मांग की गई है कि बिंदुवार समस्या का निराकरण कराया जाए। ज्ञापन सौंपते समय संगठन के अध्यक्ष पूरन सिंह धुर्वे समेत अन्य उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 5 गायों की मौत



शहपुरा। डिंडोरी जिले के शहपुरा क्षेत्र के ग्राम ढोंढा गांव में सोमवार रात तेज आंधी और बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से 5 गायों की मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार रात तेज आंधी और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से गायें चपेट में आ गईं। घटना के बाद गांव के लोगों ने तुरंत गायों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।इस घटना के बाद गांव के लोगों में आक्रोश और दुख है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए उचित सहायता प्रदान की जाए।अभी तक इस मामले में कोई सरकारी प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन प्रशासन ने गांव के लोगों को सामने पंचनामा तैयार कर लिया गया है और आश्वासन दिया है कि वे इस मामले की जांच करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं अक्सर खराब मौसम के दौरान होती हैं। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। हमें उम्मीद है कि सरकार इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी और गांव के लोगों को सहायता प्रदान करेगी।

## भाजपा मंडल मानिकपुर और बिछिया में सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



शहपुरा

पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकियों पर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन "सिंदूर" की सफलता के समर्थन और सेना के अद्वितीय पराक्रम को सम्मान देने के उद्देश्य से भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे के साथ भारतीय जनता पार्टी मंडल सक्का के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम के शहपुरा मंडल प्रभारी भजन दास चक्रवर्ती और मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र मरावी जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी उपस्थित रहे मंडल प्रभारियों ने तिरंगा यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाकर देश को गौरवान्वित किया है, हमारे जाबांज जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया, जो भारतीय सैन्य ताकत का प्रतीक है। और आगे कहा कि यह तिरंगा युवाओं को राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। यह यात्रा सिर्फ भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देने का नहीं, बल्कि युवाओं और बच्चों में देश प्रेम की भावनाओ को और अधिक मजबूत करने का कार्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र मरावी शहपुरा महामंत्री नितिन गुप्ता,मानिकपुर मंडल महामंत्री राजेंद्र तिवारी,दिलीप झारिया,सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चतुर्भुज एग्रो इंटरप्राइजेज कंपनी पर आरोप, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

# गन्ना किसानों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस किसानों द्वारा जिले के बड़गुवा क्षेत्र के गन्ना किसानों ने चतुर्भुज ट्रेडिंग कंपनी के खिलाफ आरोप लगाते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि जिले के बड़गुवां मे संचालित आर आर एग्रो कंपनी द्वारा किसानों से गन्ना खरीदा और किसानों को भुगतान नही किया गया। किसानों द्वारा ज्ञापन सौंपकर करवाई की मांग की गई। किसानों का कहना है कि कंपनी ने उनसे गन्ना खरीद तो लिया, लेकिन तीन महीने बीतने के बावजूद करोड़ों रुपये का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है।



### ठेमी थाने मे दर्ज हुआ मामला

किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि बड़गुवां शुगर मिल कंपनी के संचालक द्वारा किसानों से गन्ना खरीदा गया लेकिन किसानों को भुगतान नही किया गया। उक्त मामले मे प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए मिल को सील कर दिया तथा दूसरी कंपनी को संचालन की परमीशन दे दी गई। चतुर्भुज एग्रो इंटरप्राइजेज कंपनी, जो वर्तमान में चतुर्भुज ट्रेडिंग कंपनी के नाम से काम कर रही है, बीते कुछ महीनों से कंपनी का काम बंद है। भुगतान को लेकर कंपनी के मालिकों के खिलाफ कुछ किसानों ने थाना ठेमी में एफआईआर भी दर्ज कराई है। जिन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है, उनमें राहुल साव निवासी छिंदवाड़ा, कुलदीप पटेल निवासी खमरिया, गोटेगांव, प्रतीक पुरी निवासी नरसिंहपुर और लीना गोस्वामी निवासी सहजपुरा, बहोरीपार शामिल हैं।

### ठोस कार्रवाई की मांग

किसानों द्वारा जिला प्रशासन के नाम दिए गए आवेदन मे बताया गया है कि चर्तुभुत ट्रेडिंग कंपनी द्वारा किसानों के साथ धोखाधड़ी कर गन्ना खरीदा गया। किसानों से गन्ना खरीदने के बाद किसानों को भुगतान नही किया गया। भुगतान ना होने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति भी खराब हो रही है। किसानों पर आर्थिक कर्ज भी बढ़ रहा है। वही प्रशासन द्वारा संचालकों पर ठोस कार्रवाई नही की जा रही है। प्रशासन को चाहिए की संचालको पर ठोस कार्रवाई कर किसानों को उनका भुगतान दिलाया जाए। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

### शीघ्र भुगतान की मांग

किसानों का आरोप है कि इन सभी मिल मालिकों ने योजनाबद्ध तरीके से धोखाधड़ी करते हुए गन्ना खरीदा और भुगतान नहीं किया। इसके बावजूद अभी तक प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में किसानों ने कलेक्टर से मिल मालिकों पर कड़ी कार्रवाई करने और किसानों का बकाया भुगतान शीघ्र दिलाने की मांग की है। इस मौके पर कुंजबिहारी यादव, लखनलाल पटेल, धर्मेंद्र लोधी, अरविंद लोधी, पुष्पेंद्र पटेल, मुकेश लोधी, रमेश पटेल, ब्रजेश लोधी, बैनी सिंह, राजेंद्र मेहरा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### योग शिविर में स्वास्थ्य रहने के उपाय



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासन के निर्देशानुसार संस्था में सोशल हेल्थ क्लब और सेल का गठन किया गया है। पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में योग प्रशिक्षक दीपक कुमार चौबे द्वारा योग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की शारीरिक श्रम में संलग्न व्यक्तियों का व्यायाम अपने आप हो जाता है किन्तु छात्र - छात्राओं, शिक्षकों आदि बुद्धिजीवी वर्ग का शारीरिक श्रम की तुलना में मानसिक श्रम अधिक होता है, जबकि स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक श्रम अत्यंत आवश्यक है। जो वे प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल करके, थोडा सा समय निकालकर योग एवं सूर्य नमस्कार के आसन, प्राणायाम अपनाकर जीवन में स्वस्थ बने रह सकते है। योग शिविर में स्टूडेंट एवं शिक्षक, समस्त स्टाफ को विभिन्न प्रकार के योग आसन प्रायोगिक रूप से करवाए तथा इन योग प्राणायाम आसन के जीवन में लाभ भी बतलाये।

### 2 किलो 46 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में थाना करेली की पुलिस टीम ने गांजा की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 46 ग्राम अवैध गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार, करेली पुलिस टीम जब अपराध की पतासाजी एवं गश्त पर निकली थी, उसी दौरान बैहर तिराहा प्रतिक्षालय के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शिवम शर्मा उर्फ सौरभ शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बिछुआ, थाना देवरी, जिला सागर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2 किलो 46 ग्राम गांजा बरामद किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ धारा 8/20(बी) के तहत प्रकरण क्रमांक 456/25 दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में थाना करेली की निरीक्षक प्रियंका केवट, सहायक उपनिरीक्षक नरेश आरसे, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, आरक्षक अभिषेक पटेल, सचिन लोधी, मनोज सिलावट और सैनिक रियाज खान की भूमिका रही।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी सुनील जाटव आ. नंदराम जाटव आयु 20 वर्ष, निवासी- ग्राम सडूमर, थाना पलोहा बडा, जिला नरसिंहपुर को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा- 3/4, 11(अ)/12 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में क्रमश 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000- जुर्माना व 01 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500- जुर्माना तथा भादवि की धारा 450, 354-ग में क्रमश 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000- जुर्माना व 01 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500- जुर्माना से व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67 ए, 67 ख में क्रमश 05-05 वर्ष सश्रम कारावास व 10000-10000- जुर्माना से दंडित किया गया।

## फ्लाई ऐश के ट्राले से टकराई वैन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीतीत रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया जब नेशनल हाईवे 45 और 44 के जंक्शन पर स्थित राजमार्ग चैराहे पर फ्लाई ऐश भरकर खड़े एक ट्राले में पीछे से आ रही आइसक्रीम की वैन जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा, लेकिन गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के तुरंत बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही सुआतला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ हटाकर यातायात को सुचारू किया। सुआतला थाना प्रभारी बीएल त्यागी ने बताया कि भोपाल की ओर से आया एक ट्राला चैराहे पर सड़क किनारे खड़ा था, तभी आइसक्रीम वैन ने पीछे से आकर टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि बड़े वाहन अक्सर पंचर बनवाने या सामान खरीदने के बहाने सड़कों पर खड़े हो जाते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। टीआई त्यागी ने यह भी कहा कि चौराहे के आसपास अवैध रूप से लगी दुकानों के कारण ट्रैफिक बाधित होता है। इन दुकानों को हटाने के लिए प्रशासन को पत्र लिखा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस चौराहे पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनकी प्रमुख वजह अवैध पार्किंग और अतिक्रमण है।

## बरहटा स्कूल में आयोजित समर कैंप सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में आयोजित 20 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। समर कैंप का सफल संचालन संकुल प्राचार्य एस के बक्शी के मार्गदर्शन में हुआ। समापन समारोह मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य बृजभूषण बाजपाई, विशिष्ट अतिथि सुरेश गिरधोनिया, उपसरपंच मुकेश शाह, अभिभावकों,विद्यालय प्राचार्य एस के बक्शी एवं समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर विद्यालय में शासन द्वारा दी गई थीमों पर 20 दिनों में सिखाए गए विधाओं पर विद्यार्थियों ने प्रदर्शन प्रस्तुति दी। छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने योग प्रदर्शन किया। समर कैंप में नृत्य की विधा को मंच के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया एवं स्पोकन इंग्लिश में भी विद्यार्थियों ने अपना प्रदर्शन मंच के समक्ष किया इस अवसर पर तीनों मार्गदर्शी शिक्षकों तरुवर पटेल, शंकर राजभर और प्रशांत नामदेव को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। बच्चों को लोक कला और लोक नृत्य की शिक्षा दी गई। वाद्य यंत्र बजाने का प्रशिक्षण दिया गया। खेलकूद गतिविधियों के साथ अंग्रेजी बोलने का अभ्यास भी कराया गया। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में विद्यालय एवं सभी गतिविधियों की प्रशंसा की गई एवं कहा कि इस तरह विद्यालय संचालित होने से क्षेत्र के पालकों में शासकीय विद्यालय में बच्चों के प्रवेश करने की उत्सुकता बढ़ेगी तथा विद्यार्थियों में अनुशासन एवं स्वावलंब की प्रवृति आएगी। अंत में प्राचार्य श्री बक्शी ने सभी का विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों का कार्यक्रम सफल बनाने के लिए आभार आभार व्यक्त किया।

### जनसुनवाई में आये 115 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 20 मई को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये और विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। द इस दौरान अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 115 आवेदन आये।

## पट्टे की मांग को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को बौछार की सरपंच अनीता श्रीवास्तव के लेटरहेड के साथ गांव की दर्जनों ग्रामीण महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम वासियों को पट्टे दिलाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि वे लगभग 50 वर्षों से गांव में रह रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें भूमि का अधिकार पत्र पट्टा नहीं मिला है। ग्रामीण संगीता काछी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उन्होंने अपने घर भी बना लिए हैं, लेकिन बिना पट्टे के उनके पास कोई वैध अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि करीब चार माह पूर्व ग्राम बौछार में 406 पट्टों का वितरण किया गया था, लेकिन उनमें से कई वास्तविक पात्रों को पट्टा नहीं मिला। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वे सभी मजदूर वर्ग से हैं और पिछले वर्ष तहसीलदार को भी आवेदन सौंपा गया था, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इस दौरान सरपंच अनीता श्रीवास्तव के लेटर हेड लेकर ग्रामीण महिलाएं व पुरुष बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिनमें संगीता कुशवाहा, जसोदा बाई साहू, रंजन बाई चैधरी, पार्वती चैधरी, संगीता बाई, गणेश जी और काशी प्रमुख रूप से शामिल थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है ताकि उन्हें भी भूमि का वैध अधिकार मिल सके।

## उप राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में आगामी 26 मई को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नरसिंहपुर प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कृषि विज्ञान केन्द्र के समीप बनाये जा रहे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार,अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, रामसनेही पाठक और संबंधित संभागीय एवं जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कार्यक्रम के लिए निर्माणाधीन हेलीपैड तथा कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की तथा कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच, विद्युत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रीन रूम, बैठक व्यवस्था, इन्वेस्टर्स मीट आदि का जायजा लिया। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी सेक्टरों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने साथ ही कार्यक्रम स्थल में पर्याप्त संख्या में चिकित्सा स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होने वीआईपी पार्किंग, एग्जिट तथा यातायात व्यवस्था तथा सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से की गई आवश्यक तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं उन्हें पूरा करें। अधीनस्थ अमले के साथ माइक्रो प्लान तैयार हो। उल्लेखनीय है कि जिले में महाकौशल प्रांत का कृषि उद्योग आधारित तीन दिवसीय मेला कृषि- उद्योग समागम 2025 का आयोजन नरसिंहपुर में 26 से 28 मई 2025 तक आयोजित किया जायेगा।

## शासकीय जमीन पर प्लाट काटकर बेंचें जा रहे




### डोभी के लोगों ने तहसीलदार और विधायक को सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा ।** ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही कुछ सरपंचों की मनमानी से ग्रामीण परेशान बनें हुए हैं।ऐसा ही एक मामला समीपी ग्राम पंचायत डोभी का सामने आया है जहां बड़ी संख्या में आये प्रतिष्ठित वर्ग द्वारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत शासकीय भूमि पर प्लाट काटकर बेंचें जाने की लिखित शिकायत की गई है। क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल एवं नायाब तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन के दौरान आरोप लगाया है कि नई वसीयत मोड़ की माता पर अवैधानिक रूप से पट्टे बांटे जा रहे हैं। जिसमें 50हजार से डेढ़ लाख रुपए तक रुपए लिए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी के समीप अवैध रूप से मकान बनाया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 04 में शासकीय भूमि का सीमांकन किया जाये। अवैध कब्जे हटाये जायें। तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाये एवं दोषियों पर उचित दंडात्मक कार्यवाही की जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में भगवती पालीवाल सुरेश पटेल कमलेश पटेल रति पटेल सचिन पटेल ग्राम के प्रतिष्ठित किशन सोनी गेंदालाल बाठा धनीराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिकायत कर्ता उपस्थित थे।

## देश और देश की सेना सर्वोपरि

### सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा में बोले विधायक





**तेंदूखेड़ा ।** हमारा देश सबसे पहले है। और उसकी सुरक्षा को लेकर दिन रात विषम परिस्थितियों में भी अटल खड़े रहने वाले सैनिक जिनके कारण आज हम सुरक्षित है। आंतकवाद को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान के द्वारा जो नापाक हरकतें की जा रही थी। पहलगांव की घटना से हर भारतीय में रोष बना हुआ था।आपरेशन सिंदूर के तहत हमारी भारतीय सेनाओं द्वारा जो श्रोर्य दिखाया। और चंद दिनों में ही पाकिस्तान को नेस्तनाबूत करने की दृढ़ संकल्प से पाक गिड़गिड़ाने मजबूर हो गया था। निश्चित तौर पर हमारी सेना की जितनी भी तारीफ की जाये वह कम है। हमारी भारतीय सेना ने सारी दुनिया के लिए यह संदेश दिया है कि जो हमारी भारतीय सुरक्षा और आतंरिक गतिविधियों में विध्वंसक गतिविधियां संचालित करने की कोशिश करेगा उसे मुंह तोड़ जबाब दिया जाएगा।पहले हमारा राष्ट्र और हमारी भारतीय सेना है।सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए संपूर्ण भारत वर्ष में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उक्त विचार तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने तेंदूखेड़ा में मंगल भवन परिसर से नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा के स्वतंत्रता सेनानी स्मारक सच्चे दादा चौक पर यात्रा के समापन अवसर पर व्यक्त किए।इस मौके पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा जिला पंचायत सदस्य धन्नजय पटेल देवेन्द्र गंगोलिया मंडल अध्यक्ष ब्रजेंद पटेल प्रताप कौरव सोनू महाराज संतोष पटेल शिवदयाल खेरोनिया राजीव अग्रवाल चंद्रभूषण पटेल राजू पाली महीष मोदी मनीष चौबे सहित गायत्री परिवार जय गुरुदेव संगत के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण सेवा भावी स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित थे। यात्रा के दौरान सेना के सम्मान में गगनचुंबी नारेबाजी की गई।इस यात्रा में नारी और युवा शक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित रही।